बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**संख्या** – 03 / 05–भू0अ0नि0(निदेश / मार्गदर्शन)–08 / 2024......3587......

प्रेषक,

**जे0 प्रियदर्शिनी,** भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**सभी बंदोबस्त पदाधिकारी,**
बिहार।

**पटना, दिनांक** :– 13/06/2025

विषय :– विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा स्थानान्तरण संबंधी आवेदन R2R सॉफ्टवेयर के Employee Corner के माध्यम से करने के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय पत्रांक 8919 दिनांक 16.11.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा आप सभी को पूर्व में निदेशित किया गया था कि बंदोबस्त कार्यालयों में पदस्थापित कर्मियों के स्थानान्तरण आदि मामलों के सुगमतापूर्वक निष्पादन हेतु निदेशालय के वेबसाईट www.dlrs.bihar.gov.in पर Employee Corner Web Portal की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है, जिसपर सभी कर्मी (संविदा सहित) स्थानान्तरण आदि से संबंधित मामलों पर आवेदन अपलोड कर सकते हैं।

उपरोक्त के आलोक में पुनः आदेशित किया जाता है कि नियमित कर्मियों सहित संविदा पर नियोजित विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी / विशेष सर्वेक्षण कानूनगो / विशेष सर्वेक्षण लिपिक / विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा अपना स्थानान्तरण आवेदन उक्त पोर्टल पर आवश्यक तथ्यों एवं तथ्यों के समर्थन में साक्ष्य के साथ अपलोड करेंगे। अपलोड किए गए आवेदन के आलोक में समीक्षोपरांत R2R के माध्यम से उनके स्थानान्तरण की कार्रवाई की जाएगी। उक्त पोर्टल के अतिरिक्त अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

अतः अनुरोध है कि एतद् संबंधी सुविधा से अपने अधीनस्थ सभी कर्मियों को अवगत कराना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन
13/6/25
**(जे0 प्रियदर्शिनी)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप